हिंदी पखवाड़ा 2023

संस्थान में दिनांक 14–28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया और 14 सितंबर, 2023 को हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ मनीष कुमार चैटली के कर कमलों से दीप प्रज्जवलन करके किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी देश की एकता एवं विकास के लिए उस देश की राष्ट्रभाषा का समृद्ध होना अति आवश्यक है। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि हिन्दी में कार्य करते हुए हिन्दी के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें। हमेशा याद रखें कि दैनिक व्यवहार में भी हिन्दी भाषा का प्रयोग कर गौरवान्वित महसूस करें। हिंदी पखवाड़ा, जो सालभर में एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है, और हिंदी भाषा, साहित्य, और संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। हिंदी पखवाड़े के आयोजनों में भाग लेने से लोग भाषा और संस्कृति के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं और सामाजिक सदयता को बढ़ावा देते हैं। सामूहिक रूप से आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने से लोग एक–दूसरे के साथ मिलकर बेहतर जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। राजभाषा प्रभारी डॉ तरुण पाल सिंह, वैज्ञानिक ने हिंदी पखवाड़े की रूपरेखा को प्रस्तुत किया। हिंदी पखवाड़ा में समस्त विभागाध्यक्ष एवं अनुभागध्यक्षों, वैज्ञानिकों, तकनीकी व प्रशासनिक अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं *(हिन्दी टिप्पण एवं प्रारुप लेखन, वाद–विवाद, शोध पत्र, आशुभाषण, हिन्दी निबन्ध और प्रश्न मंच प्रतियोगिता)* का आयोजन भी किया गया जिसमे प्रतिभगियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के द्वारा हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास संस्थान के समस्त कर्मचारियों के लिए किया गया। एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला/कवि सम्मलेन का आयोजन भी किया गया। इसमें आसपास के क्षेत्रों से बुलाये गये कवियों ने हिंदी में अपने द्वारा रचित कविताओं को पढ़ा गया और संस्थान के सभी श्रोतागणों द्वारा इसका आनंद लिया गया। इस हिन्दी पखवाड़े के दौरान समस्त सफल प्रतिभागियों को संस्थान के पूर्व निदेशक डा. एस के अग्रवाल, मुख्य अतिथि द्वारा समापन सामारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। उन्होंने इस तरह के सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया और संस्थान को वधाई दी। अंत में ड़ॉ अशोक कुमार प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, हिंदी पखवाड़ा –2023 द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव में सभी का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक होने पर बधाई दी।